# पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

बल्लभगढ़, 24 जुलाई (निस)

फरीदाबाद के सेक्टर-78 में वर्ल्ड स्ट्रीट के पास फरवेंट क्रिकेट ग्राउंड पर टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें फरीदाबाद इकाई द इंस्टीट्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आइसीएसआई) बनाम द इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आइसीएमएआई) के मध्य एक क्रिकेट मैच खेला गया। जिसमें आइसीएमएआई ने टॉस जीतकर पहले गेन्दबाजी का निर्णय लिया गया और आइसीएसआई ने पहले खेलते हुए 20 ओवर मे सभी विकेट खोकर 116 रन बनाये। जिसके बाद बल्लेबाजी करते हुए आइसीएमएआई की टीम ने 5 विकेट खोकर से यह मैच जीत लिया। इस मौके पर पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने मैच खेलने वाली दोनों टीमों के खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा की दोनों ही संस्थान उद्योग जगत की रीढ़ हैं। इस मौकेपर पूर्व मंत्री ने दोनों संस्थान के मेंबर्स से भविष्य में भी इसी तरह देश की अर्थव्यवस्था में सहयोग करके देश को आगे बढ़ाने का काम करते रहने की अपील भी की। इस मैच में कपिल डुडेजा, सीएस मोनिका आनंद, सीएस रेनू कथूरिया, सीएस विक्रम ग्रोवर, सीएस सौरव चक्रवर्ती, सीएस अरुण गोयल, सीएस असीम जुनेजा, सीएस नितिन पांचाल और सीएमए अरुण नागर, अनिल ठाकुर, संकल्प वाधवा,दीपक मालपानी, विकास श्रीवास्तव, सुमन झा, खुशबू मिश्रा,अखिल मित्तल व अन्य काफी लोग मौजूद रहे।

फरीदाबाद में सीएमए और सीएस फरीदाबाद चैप्टर के बीच खेले गए दूसरे टी-20 क्रिकेट मैच में खिलाड़ियों से मिलते पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल। -निस